आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 अगस्त 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर जिले में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश। कृषिमंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा–खाद की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर हो रही है कड़ी कार्रवाई।
- लोकसभा ने हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने वाले ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक दो हजार पचीस को दी मंजूरी।
- पचीस अगस्त को लखनऊ आएंगे अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला। प्रदेश सरकार कर रही है भव्य स्वागत की तैयारी।
- उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग–यूपीपीएससी ने लागू की वन टाइम रजिस्ट्रेशन–ओटीआर में मोबाइल नंबर और ई–मेल आईडी में संशोधन की व्यवस्था।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को भरोसा दिलाया है कि प्रदेश में कहीं भी उर्वरकों की कमी नहीं है। उन्होंने कहा है कि किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। ऐसे में किसान खाद का अनावश्यक भंडारण न करें। मुख्यमंत्री ने जिलों में तैनात अधिकारियों को समय–समय पर निरीक्षण करने, किसानों से संवाद स्थापित करने और समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में कल प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रेसवार्ता में बताया कि खाद की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कारवाई की जा रही है।

हम लोगों ने अब तक 1196 फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किये हैं। जहां पर ये कमियां पाई गई वो हाई प्राइस किये हुए थे या टैगिंग कर रहे थे। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। एक सौ बत्तीस थोक विक्रेताओं के खिलाफ हमने नोटिस जारी किया है जिसमें से तेरह को निलंबित किया गया है। चार के लाइसेंस निरस्त हुए हैं तिरानवे लोगों के खिलाफ हम लोगों ने एफआईआर दर्ज किया है।

****

लोकसभा ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025 पारित कर दिया है। यह विधेयक ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने और हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने के बारे में है। विधेयक का उद्देश्य युवाओं और कमजोर वर्ग को ऐसे खेलों के प्रतिकूल प्रभाव से बचाना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काफी वृद्धि हुई है।

ऑनलाइन गेमिंग एक बहुत बड़ा सेक्टर बनकर उभरा है। इस सेक्टर में तीन सेगमेंट हैं। पहला सेगमेंट है ई–स्पोर्ट्स, दूसरा सेगमेंट है ऑनलाइन सोशल गेमिंग, तीसरा सेगमेंट है ऑनलाइन मनी गेमिंग। ई–स्पोर्ट्स में लोग एक टीम में खेलते हैं और अब ओलंपिक और एशिया जैसे बड़ी प्रतियोगिता में भी ई–स्पोर्ट्स की चर्चा होने लगी है। दूसरा ऑनलाइन सोशल गेम्स हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है और जिसमें समाज पे कोई नेगेटिव इंपैक्ट नहीं पड़ता है उसको भी प्रमोट किया जाएगा।

****

शाहजहांपुर जिले की जलालाबाद तहसील का नाम बदलकर परशुरामपुरी कर दिया गया है। केंद्र सरकार की तरफ से राज्य सरकार को इस सम्बन्ध में पत्र जारी किया गया है। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जलालाबाद का नाम बदल कर परशुरामपुरी किए जाने पर देश के गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया है।

****

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा कक्षा नौ और ग्यारह के अग्रिम पंजीकरण शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि दस सितम्बर दो हजार पचीस कर दी है। साथ ही कक्षा दस और बारह के लिए परीक्षा शुल्क जमा करने की आखिरी तिथि एक सितम्बर दो हजार पचीस कर दी गई है। इस सम्बन्ध में अमरोहा के जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि अंतिम तिथि बढ़ने से छूटे हुए बच्चों को फायदा होगा।

****

मऊ की सदर विधानसभा सीट से पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट से मिली दो साल की सजा को कल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। मऊ की एमपी–एमएलए कोर्ट ने वर्ष दो हजार बाइस में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण के मामले में अब्बास अंसारी को दो साल की सजा सुनाई थी, जिसके कारण विधानसभा से उनकी सदस्यता रद्द हो गई थी।

****

अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला पचीस अगस्त को लखनऊ आएंगे। सत्रह महीनों के बाद लखनऊ आ रहे शुभांशु के स्वागत के लिए चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर कई गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने बताया कि शुभांशु का भव्य स्वागत किया जाएगा।

हमारे लिए बड़ा गर्व का विषय है। शुभांशु शुक्ला जी स्पेस स्टेशन पर गए थे और सकुशल वापस आए है तो ये हमारे लिए पूरे देश के लिए गौरव की बात है। जिस दिन वो उत्तर प्रदेश की धरती पर अपना कदम रखेंगे। लखनऊ में आएंगे तो निश्चित रूप से हम सब लोग बहुत अच्छी तरीके से उनका स्वागत करेंगे।

शुभांशु शुक्ला की बड़ी बहन शुचि मिश्रा ने कहा कि अंतरिक्ष मिशन पूरा कर के शुभांशु पहली बार अपने शहर लौट रहे हैं। पूरा परिवार उनके लखनऊ पहुंचने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है और उनकी सफलता का जश्न मनाने का खास तैयारी कर रहा है।

****

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग–यूपीपीएससी की परीक्षाओं में शामिल होने के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन–ओटीआर को लेकर आयोग ने अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। अभ्यर्थी अब ओटीआर में मोबाइल नंबर और ई–मेल आईडी गलत दर्ज होने पर उसे संशोधित कर सकेंगे। अभी तक इन दोनों विवरण में संशोधन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

****

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कल आगरा में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के इक्यानवेवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। समारोह में उन्होंने मेधावी छात्रों को पदक प्रदान किए। समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने छात्रों से जल संरक्षण करने का आह्वान किया।

सबको ये सोचना पड़ेगा की हमारे घर में हम व्यक्तिगत रूप से पानी कितना बचा सकता है। व्यक्तिगत रूप से करना पड़ेगा। सरकार ने तो अपना काम कर रही हैं लेकिन व्यक्तिगत तरीके से हमें जो संकल्प करना चाहिए ये नहीं होता है।

****

अयोध्या में श्रीराम मंदिर परिसर में सभी छह मंदिरों में पंद्रह अक्टूबर से श्रद्धालु दर्शन पूजन कर सकेंगे। श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि निर्माण समिति की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि नवंबर में श्रीराम मंदिर के ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम में अयोध्या और आसपास के जिलों से ही अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा।

दो दिन की ये जो समीक्षा बैठक इसमें लगभग ये सामने आ गयी बात की परकोटा, परकोटा के छह मंदिर, शेषावतार मंदिर इसमें दर्शन का प्रारंभ अक्टूबर में हो जाएगा। जनता को, दर्शनार्थियों को जाने के रास्ते साफ हो जाएँगे। सभी बाधाएं दूर हो जाएगी।

****

मुजफ्फरनगर में कल से पांच सितंबर के बीच अग्नि वीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। जिले के चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम और नुमाइश ग्राउंड के मैदान में आयोजित होने वाली इस भर्ती रैली में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तेरह जिलों के करीब सत्रह हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

****

गोरखपुर लायंस ने कल यूपी टी ट्वेंटी के एक मुकाबले में नोएडा किंग्स को चौदह रनों से हरा दिया। गोरखपुर लायंस ने नोएडा किंग्स के सामने जीत के लिए एक सौ सतासी रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में नोएडा किंग्स की पूरी टीम एक सौ बहत्तर रन पर ऑल आउट हो गई।

****

उत्तर प्रदेश हॉकी टीम ने जालंधर में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चौंपियनशिप दो हजार पचीस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली । यूपी की टीम ने क्वार्टर फाइनल में रोमांचक मुकाबले में मध्य प्रदेश की टीम को 2–1 से हराया।

****

प्रदेश में रुक रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं और फर्रुखाबाद में गंगा, शाहजहांपुर तथा बाराबंकी में रामगंगा एवं अयोध्या और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शाहजहांपुर जिले में रामगंगा नदी का जलस्तर कल खतरे के निशान से पचास सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया। इससे परशुरामपुरी और कलान तहसील के 50 से ज्यादा गांव चौतरफा बाढ़ की चपेट में हैं। वहीं बिजनौर जिले में बैराज से एक लाख पचपन हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से अमरोहा में भी गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इस समय राज्य के 15 जनपदों में करीब दो लाख 60 हजार से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित है।

****